सम्मानित साथियों,

आपके विधायक के रूप में मैं झंझारपुर विधानसभा क्षेत्र का सम्मान बढ़ाने से लेकर क्षेत्रीय विकास के लिए निरंतर प्रत्यशील रहा हूँ। इस दौरान क्षेत्र के विकास के लिए मेरे द्वारा अनेक कार्य कराये गये जिनसे आप अवगत भी हैं। ये कार्य आधारभूत संरचनाओं, मानव विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, खेल आदि से संबंधित हैं। इसके अलावा अन्य अनेक कार्यों का प्रस्ताव मेरे द्वारा संबंधित विभाग एवं सरकार को दिये गये थे। उनमें से अनेक कार्यों की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है एवं कई के निविदा कार्य भी सम्पन्न हो चुके हैं। हाल ही में विधानसभा चुनाव 2015 सम्पन्न हुआ है। यदि उसमें मुझे पुनः अवसर मिलता तो उन कार्यों को धरातल पर लाने हेतु मैं ज्यादा समर्थ हो पाता।

## झंझारपुर विधानसभा के महत्वपूर्ण लंबित कार्यों की सूची

1. शिक्षा विभाग –

क. झंझारपुर प्रखंड के केजरीवाल उच्च विद्यालय का मॉडल स्कूल भवन निर्माण कार्य जिला पदाधिकारी ने अपने कार्यालय पत्रांक–2154, दिनांक–05 / 12 / 2014 को परियोजना निदेशक बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना बिहार को भेजने के बावजूद कार्य लंबित।

ख. झंझारपुर प्रखंड अन्तर्गत सिरखरिया एवं लखनौर प्रखंड अन्तर्गत दीप पश्चिम, बेलौंचा तथा मधेपुर प्रखंड के प्रसाद पंचायत में मध्य विद्यालय से उच्च विद्यालय में उत्क्रमित होने के बावजूद उच्च विद्यालय का निर्माण कार्य लंबित है।

ग. झंझारपुर प्रखंड अन्तर्गत मेंहथ पंचायत के नवटोली गाँव एवं झंझारपुर नगर पंचायत के वार्ड संख्या–13 में नये विद्यालय सृजिन हेतु मैंने अपने कार्यालय पत्रांक–1387, दिनांक–28 / 12 / 2012 एवं पत्रांक–433, दिनांक–17.04 / 2013 को राज्य परियोजना निदेशक राज्य शिक्षा परियोजना सह सचिव प्राथमिक शिक्षा पटना को पत्र लिखा था। जिसपर अग्रतर कार्रवाई लंबित है।

## 2. सामान्य प्रशासन विभाग :–

क. झंझारपुर को जिला बनाने से संबंधित पत्रांक–1003, दिनांक–26 / 12 / 2014 को मेरे द्वारा प्रधान सचिव सामान्य प्रशासन विभाग को लिखा गया था। जिस पर कार्रवाई लंबित है।

### 3. ग्रामीण कार्य विभाग–

**क** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत 18 सड़कों का निर्माण कार्य लंबित।

| क्रम संख्या | प्रखंड | रोड का नाम | कि०मी० | राशि(लाख में) | रखरखाव |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लखनौर | एन.एच–57 पुराना से सहुवा टोल | 1.53 | 299.59 | 8.59 |
| 2 | लखनौर | पी.डब्लु.डी. सड़क कमलदाहा होते हुए महादलित टोल तक | 2.085 | | |
| 3 | लखनौर | बेलौंचा आर.ई.ओ. से महुली | 0.871 | | |
| 4 | लखनौर | आर.ई.ओ. से अल्पसंख्यक टोल (मिंया) | 1.639 | 289.85 | 7.92 |
| 5 | लखनौर | पी.डब्लु.डी. रोड लौफा, बजरंगी, पंजीयार घर से रघुनाथपुर | 0.949 | | |
| 6 | लखनौर | आर.ई.ओ. से मधुरा | 1.785 | | |
| 7 | लखनौर | पी.डब्लु.डी. रोड लखनौर मुख्य सड़क से बलिया होते हुए मुसहरी तक | 3.9 | 389.79 | 13.06 |
| 8 | लखनौर | आर.ई.ओ. रोड से बेरमा | 2.063 | | |
| 9 | लखनौर | आर.ई.ओ. रोड से लक्ष्मीपुर | 1.4 | | |
| 10 | लखनौर | कमला पश्चिम तटबंध ईदगाह के समीप से सोहराय | 4.902 | 397.29 | 13.72 |
| 11 | लखनौर | एन.एच–57 पुराना से अदलपुर | 1.152 | 452.3 | 39.2 |
| 12 | लखनौर | पी.डब्लु.डी. मैन रोड से गंगापुर | 4.95 | | |
| 13 | झंझारपुर | आर.ई.ओ. रोड से खैरा | 1.023 | 387.8 | 8.8 |
| 14 | झंझारपुर | भैरवस्थान से महिनाथपुर | 1.521 | | |
| 15 | झंझारपुर | एन.एच–57 से धेपुरा | 0.928 | 475 | 43.67 |
| 16 | झंझारपुर | एन.एच–57 से सर्वसीमा | 1.257 | | |
| 17 | झंझारपुर | एन.एच–57 से परसा | 1.922 | | |
| 18 | झंझारपुर | सुखेत चौक से गोधनपुर | 2.315 | | |

**ख.** विदेश्वर स्थान से भैरवस्थान होते हुए कोठिया एस.एच–52 तक जाने वाली पथ एवं एन.एच–57 चनौरागंज से बेरमा होते हुए तमुरिया तक जाने वाली पथ का निर्माण कार्य लंबित। उपरोक्त दोनों पथ क्लास 1 की सूची में शामिल है। दिनांक– 18 / 02 / 2015 को माननीय तत्कालीन मंत्री डॉ० भीम सिंह के द्वारा स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है, उसके बावजूद कार्य लंबित है। उपरोक्त दोनों पथ श्रेणी–1 के क्रम संख्या 137 एवं 138 पर शामिल है।

ग. मुख्यमंत्री ग्राम सर्म्पक पथ योजना अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2015–2016 में सम्मिलित किये गये सड़कों की सूची जो प्रशासनिक स्वीकृति की प्रत्याशा में लंबित है।

| क्रम संख्या | प्रखंड | रोड का नाम | कि०मी० | राशि (लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | झंझारपुर | कोठिया से सिमरवार टोल | 2.50 | 175.00 |
| 2 | झंझारपुर | नवानी पी.डब्लु.डी. सड़क से नवानी (मुसहरी) महादलितटोल टोल | 0.80 | 56.00 |
| 3 | झंझारपुर | पैट घाट विरौल पथ से हटार रूपौली | 1.00 | 70.00 |
| 4 | झंझारपुर | एन.एच–57 मझौरा पथ से महेशपुरा महादलित टोल | 1.00 | 70.00 |
| 5 | झंझारपुर | एन. एच–57 से खड़रक पासवान टोल | 0.80 | 56.00 |
| 6 | झंझारपुर | बिसौल पथ से मचधी महादलित टोल | 0.80 | 56.00 |
| 7 | झंझारपुर | खरौआ मुख्य सड़क से ठाकुर टोल | 0.80 | 56.00 |
| 8 | झंझारपुर | सोहपुर से परसा महादलित टोल | 0.50 | 35.00 |
| 9 | झंझारपुर | पुरानी एन. एच–57 से सर्वसीमा महादलित टोल | 0.50 | 35.00 |
| | | **कुल** | **7.90** | **609.00** |
| 1 | लखनौर | पी0 डब्लु0 डी0 सड़क बेलौंचा से धम्मका पश्चिम टोल | 0.60 | 42.00 |
| 2 | लखनौर | बेरमा आर0 ई0 ओ0 सड़क बजरंगबली स्थान से सिंह टोल एवं बेरमा यादव टोल | 2.00 | 140.00 |
| 3 | लखनौर | बेरमा आर0 ई0 ओ0 सड़क यादव चौक से बेरमा यादव टोल | 0.80 | 56.00 |
| 4 | लखनौर | कमला तटबंध से खैरी यादव टोल | 1.20 | 84.00 |
| 5 | लखनौर | आर0 ई0 ओ0 सड़क बेरमा से बेरमा महादलित टोल | 1.00 | 70.00 |
| 6 | लखनौर | आर0 ई0 ओ0 सड़क कसियाम से कसियाम महादलित टोल | 0.70 | 49.00 |
| 7 | लखनौर | सोनरे प्रधानमंत्री ग्राम सड़क से बोदराही टोल | 2.50 | 1.75 |
| | | **कुल** | **8.80** | **616.00** |
| 1 | मधेपुर | फैटकीकुट्टी ट्रांसफार्मर चौक से बाबूजीवन | 2.10 | 147.00 |
| 2 | मधेपुर | खोईर मदनपुर (दलदल) से बगाही महादलित टोल | 1.50 | 105.00 |
| 3 | मधेपुर | पचही गेट से पचही | 1.00 | 70.00 |
| | | **कुल** | **4.60** | **322.00** |
| 1 | झंझारपुर | कुल सड़क की संख्या– 9 | 7.90 | 609.00 |
| 2 | लखनौर | कुल सड़क की संख्या– 7 | 8.80 | 616.00 |
| 3 | मधेपुर | कुल सड़क की संख्या– 3 | 4.60 | 322.00 |
| | | **कुल – 19** | **21.30** | **1547.00** |

**उपरोक्त सड़क सरकार के राज्य कोर नेटवर्क योजना में शामिल है। राज्य कोर नेटवर्क योजना 250 से अधिक आबादी वाले बसावटों को बारहमासी सड़क सर्म्पकता प्रदान करने की योजना है। मैंने झंझारपुर विधानसभा क्षेत्र के लगभग 300 सड़कों को राज्य कोर नेटवर्क में शामिल करवाया है। यह योजना पांच वर्षों के लिए बनाया गया है तथा वित्तीय वर्ष 2017–2018 तक लक्ष्य को पूरा करने का प्रावधान है। मैंने दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से दिनांक–31/03/2013 एवं 01/01/2015 को विज्ञापन के रूप में सम्पूर्ण सूची को प्रकाशित भी करवाया था। जिसे आप www.rwd.bih.nic.in पर देख सकते हैं।**

**4. पंचायती राज्य विभाग—**

**क.** झंझारपुर विधानसभा अन्तर्गत प्रथम चरण में निम्नलिखित स्थानों पर पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य लंबित।

(1) प्रखंड झंझारपुर-- लोहना उत्तर
(2) प्रखंड लखनौर -- कछुवी

**5. श्रम संसाधन विभाग—**

**क.** झंझारपुर प्रखंड अन्तर्गत आई0टी0आई0 स्वीकृति कार्य लंबित।

**6. ग्रामीण विकास विभाग—**

**क.** लखनौर प्रखंड का प्रखंड कार्यालय एवं आवासीय भवन के निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति पत्रांक—173356, दिनांकः— 05/01/2014 एवं तिथि 09/03/2015 को निविदा होने के बावजूद लंबित।

**ख.** मधेपुर प्रखंड का प्रखंड कार्यालय एवं आवासीय भवन का निर्माण हेतु मंत्रिपरिषद् के द्वारा 10 फरवरी 2015 को स्वीकृत की गयी। मंत्रिपरिषद् के स्वीकृत के उपरांत लगभग 1 साल बीत जाने के बावजूद निर्माण कार्य हेतु अग्रतर कार्रवाई लंबित है।

**ग.** झंझारपुर प्रखंड के प्रखंड कार्यालय एवं आवासीय भवन का डी0पी0आर0 बनाया जा रहा है।

**घ.** झंझारपुर अनुमंडल मुख्यालय अवस्थित विद्यापति टॉवर का जीविका के माध्यम से सौदर्यीकरण कार्य लंबित।

**ड.** झंझारपुर प्रखंड में कमला नदी से पश्चिम एवं लखनौर प्रखंड में जानो—मानो के आस—पास तथा मधेपुर प्रखंड में भेजा को प्रखंड बनने हेतु प्रस्तावित है।

**च.** ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा संचालित कौशल विकास प्रशिक्षण कार्य बंद।

**7. स्वास्थ्य विभाग —**

**क.** लखनौर प्रखंड अन्तर्गत समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निर्माण कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति पत्रांक—569, दिनांक— 03/09/2014 को प्राप्त होने के बावजूद निर्माण कार्य लंबित।

**ख.** झंझारपुर प्रखंड के भैरवस्थान अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति पत्रांक—828, दिनांक— 22/11/2014 के द्वारा प्राप्त होने के बावजूद निर्माण कार्य लंबित।

**8. जल संसाधन विभाग–**

**क.** लखनौर प्रखंड के तमुरिया पंचायत अन्तर्गत सुपेन नदी पर ठकुआ बांध के पास और गंगापुर पंचायत के बेलनी गांव के नजदीक कोकराही नदी पर सुलिस गेट का निर्माण कार्य लंबित। उपरोक्त सुलिस गेट के निर्माण हेतु, मैने अपने कार्यालय पत्रांक–1028, दिनांक–15/10/2013 को माननीय मंत्री जल संसाधन विभाग को पत्र लिखा था।

जल संसाधन विभाग के अधीक्षण अभियंता ने अपने कार्यालय पत्रांक–1323, दिनांक– 18/10/2013 को मुख्य अभियंता जल संसाधन विभाग दरभंगा से विस्तृति प्रतिवेदन की मांग की थी। पुनः अधीक्षण अभियंता जल संसाधन विभाग पटना ने मुख्य अभियंता जल संसाधन विभाग दरभंगा को अपने कार्यालय पत्रांक–535, दिनांक–22/05/2014 को विस्तृति प्रतिवेदन मुख्यालय में समर्पित करने को पत्र लिखा गया जो अभी तक लंबित है।

**ख.** कमला नदी के बायें तटबंध के 43 वें किलोमीटर एन.एच–57 से लेकर 51 वें किलोमीटर तटबंध का पक्कीकरण कार्य लंबित है। (ज्ञात हो कि 43 किलोमीटर से 51 किलोमीटर तक झंझारपुर के नगर पंचायत, अनुमंडल मुख्यालय रेलवे स्टेशन एवं अन्य कई सरकारी एवं गैरसरकारी महत्वपूर्ण प्रतिष्ठान अवस्थित है।) मैंने अपने कार्यालय पत्रांक–830, दिनांक–01/08/2013 को तत्कालीन माननीय मंत्री को पत्र लिखा था। जिसपर अभी तक किसी भी प्रकार की अग्रतर कार्रवाई लंबित है।

**ग.** कमला नदी के दायें तटबंध के 27 वें किलोमीटर से लेकर 52 किलोमीटर तक तटबंध का पक्कीकरण निर्माण कार्य लंबित है।

**घ.** झंझारपुर प्रखंड के चनौरागंज में पथ निर्माण विभाग द्वारा निरीक्षण भवन निर्माण हेतु जमीन स्थानांतरण कार्य लंबित। सचिव भवन निर्माण विभाग बिहार ने अपने कार्यालय पत्रांक–13914, दिनांक–10/10/2013 के द्वारा प्रधान सचिव जल संसाधन विभाग बिहार पटना को झंझारपुर में एन.एच–57 से लगभग 500 मीटर उत्तर मुख्य पथ से सटे चनौरागंज ग्राम में कोशी नगर प्रमंडल की 2.35 एकड़ अप्रयुक्त एवं अव्यवहृत भूमि पर अनापति प्रमाण पत्र की मांग की थी। जो अभी तक लंबित है।

ङ. झंझारपुर कोशी प्रमंडल अन्तर्गत कमला नदी पश्चिमी तटबंध दायें भाग के 27 वें किलोमीटर पिपरा घाट से 62 वें किलोमीटर ढेंगहा में बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड द्वारा निर्माणाधिन पुल तक के अंश को मैंने अपने कार्यालय पत्रांक–836, दिनांक–05/08/2013 को पक्कीकरण/कालीकरण करने हेतु तत्कालीन माननीय मंत्री जल संसाधन विभाग को पत्र लिखा था। जिसपर अग्रतर कार्रवाई लंबित है।

च. झंझारपुर प्रखंड के झंझारपुर नगर पंचायत लखनौर प्रखंड के बेहट उत्तरी एवं बेहट दक्षिणी पंचायत तक कमला नदी के पूर्वी भाग बायें तटबंध से सट कर बह रही है। सुरक्षा एवं बचाव के दृष्टिकोण से मैंने अपने कार्यालय पत्रांक–830, दिनांक–01/08/2013 को तत्कालीन माननीय मंत्री जल संसाधन विभाग बिहार पटना को शहर सुरक्षा योजना तैयार कर समुचित कार्रवाई करने का आग्रह किया था। जिसपर अभी तक अग्रतर कार्रवाई हेतु लंबित है।

छ. कमला नदी के पूर्वी तटबंध बायें भाग 26 वें किलोमीटर से लेकर 70 वें किलोमीटर तक का तटबंध सुदृढ़िकरण एवं उस पर निर्मित सड़क के पक्कीकरण कराने की दिशा में मैंने अपने कार्यालय पत्रांक–4711, दिनांक–26/06/2014 को माननीय तत्कालीन मंत्री जल संसाधन विभाग बिहार पटना को पत्र लिखा था। उक्त कार्य से संबंधित कार्यपालक अभियंता बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल झंझारपुर एवं अनुमंडल पदाधिकारी झंझारपुर की संयुक्त निरीक्षण करने के बावजूद अग्रतर कार्रवाई अभी तक लंबित है।

ज. झंझारपुर नगर पंचायत अन्तर्गत परतापुर चौर में जल जमाव की समस्या निराकरण हेतु विधायक के रूप मैंने दिनांक–20/10/2009 को तत्कालीन माननीय मंत्री जल संसाधन विभाग एवं ग्रामीण विकास मंत्री के रूप में मैंने अपने कार्यालय पत्रांक–134, दिनांक–20/12/2010 को प्रधान सचिव जल संसाधन विभाग को पत्र लिखा था। उपरोक्त दोनों पत्र के आलोक में अभियंता प्रमुख (उत्तर) जल संसाधन विभाग पटना ने अपने कार्यालय पत्रांक–19, दिनांक–06/01/2011 को मुख्य अभियंता जल संसाधन विभाग दरभंगा से परतापुर चौर में जल जमाव की समस्या के निराकरण हेतु सर्वेक्षण कार्य एवं डी0पी0आर0 तैयार करने हेतु पत्र लिखा गया। जिसपर अभी तक आवश्यक कार्रवाई लंबित है।

झ. मेरे द्वारा दिनांक–03/02/2012 को प्रखंड कार्यालय झंझारपुर के किसान भवन में चौर में जल जमाव से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की गई थी। समीक्षात्मक बैठक में कार्यपालक अभियंता जल निस्सरण प्रमंडल संख्या 4 दरभंगा उपस्थित थे। झंझारपुर, लखनौर एवं मधेपुर प्रखंड में अवस्थित क्रमशः **झंझारपुर प्रखंड** अन्तर्गत नगर पंचायत के (1) परतापुर चौर, (2) महेंथ चौर एवं **लखनौर प्रखंड** में (1) गड़हा चौर (2) बलिया चौर (3) कछुवी चौर (4) दलिहारा चौर तथा **मधेपुर प्रखंड** के इसराईन चौर में जलजमाव से संबंधित कार्यपालक अभियंता जल निस्सरण प्रमंडल संख्या 4 दरभंगा को मौखिक आदेश दिया था। कार्यपालक अभियंता जल निस्सरण प्रमंडल संख्या 4 दरभंगा ने दिनांक–16/02/2012 को अपना निरीक्षण प्रतिवेदन सरकार को समर्पित कर दिया। जिसपर अभी तक अग्रतर कार्रवाई लंबित है।

**9. गृह विभाग –**

**क.** अग्निशामक भवन के निर्माण हेतु प्रशासनिक स्वीकृति पत्रांक–1069, दिनांक–30/10/2012 को मिलने के बावजूद निर्माण कार्य लंबित।

**ख.** झंझारपुर विधानसभा अन्तर्गत लगभग 90 कब्रिस्थान अवस्थित है जिसमें लगभग 50 प्रतिशत कब्रिस्थानों की घेरा बंदी हो चुकी है। तथा शेष बचे हुए कब्रिस्तानों की घेरा बंदी कार्य होना बाकी है।

**10. आपदा प्रबंधन विभाग –**

क. झंझारपुर प्रखंड के संतनगर पंचायत अन्तर्गत बनौर गांव के विस्थापित परिवारों का पुनर्वास कार्य लंबित।

**11. नगर विकास विभाग–**

**क.** झंझारपुर नगर पंचायत अन्तर्गत नगर विकास एवं आवास विभाग के द्वारा राज्य योजना मध्य से 2 सड़कों की निर्माण हेतु स्वीकृति दी गयी। (1) आर0ई0ओ0 सड़क लाल पटवा गाछी से प्राथमिक विद्यालय बेलाराही होते हुए चन्द्रमोहन दास के घर तक जाने वाली सड़क राशि– 65 लाख एवं (2) हॉस्पिटल रोड रेलवे से बेलाराही अरूण दास के घर तक जाने वाली सड़क राशि– 55 लाख। उपरोक्त दोनों सड़कों की प्रशासनिक स्वीकृति नगर विकास एवं आवास विभाग के (पत्रांक–63, दिनांक– 11/02/2013) दी गई थी, जो निविदा होने के बावजूद अभी तक लंबित है।

12. **पशुपालन विभाग–**

क. झंझारपुर विधानसभा अन्तर्गत दुग्ध उत्पादन सहकारी समितियां गठित कर दुग्ध संग्रहण केन्द्र खोलने हेतु मैंने अपने कार्यालय पत्रांक–134, दिनांक–29/01/2014 को प्रबंध निदेशक कॉम्फेड पटना को लिखा था। गांव की सूची निम्न प्रकार है।

**झंझारपुर प्रखंड**–1.खैरा, 2.ओलीपुर, 3.काको, 4.नारायणपुर, 5.भैरवस्थान, 6. चनका बलाट

**लखनौर प्रखंड** – 1.गंगापुर, 2.लखनौर, 3. कछुवी

**मधेपुर प्रखंड** – 1.प्रसाद, 2. रामबाग चौक, 3. भीठ भगवानपुर

13. **पथ निर्माण विभाग** –

**क.** पी. डब्लु. डी सड़क विन्देश्वर स्थान से झंझारपुर रेलवे स्टेशन नेगड़ा चौक होते हुए मोहना एन.एच–57 तक जाने वाली सड़क का चौड़ीकरण निर्माण कार्य लंबित। मैने अपने कार्यालय पत्रांक–25, दिनांकः– 03/12/2010 के द्वारा सचिव पथ निर्माण विभाग को उपरोक्त सड़क को चौड़ीकरण करने से संबंधित पत्र लिखा था। पत्र के आलोक में कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग ने परियोजना प्रस्ताव तैयार कर अपने कार्यालय पत्रांक–101, दिनांक– 20/01/2011 को मुख्यालय को भेजा गया। उपरोक्त पथ को विभाग द्वारा तैयार किये गये वार्षिक योजना वर्ष 2015 में शामिल कर लिया गया, जो प्राथमिकता सूची के क्रम संख्या 1 पर अंकित रहने के बावजूद अभी तक लंबित है।

**ख.** एस. एच–52 मेंहथ ढाला से एन.एच–57 तक जानेवाली पथ का निर्माण कार्य वर्ष 2012 में ही पूर्ण होना था। लेकिन भूमि अधिग्रहण से संबंधित भू–स्वामी को समय पर भुगतान नहीं होने के कारण पथ का निर्माण नहीं हो सका। पथ निर्माण विभाग के द्वारा भू–स्वामी को राशि भुगतान करने हेतु भूमि अधिग्रहण से संबंधित प्रशासनिक स्वीकृति पत्रांक–9921, दिनांकः–15/10/2014 के द्वारा राशि जिला पदाधिकारी मधुबनी को उपलब्ध करा दिया गया है। राशि उपलब्ध हाने के बावजूद भू–स्वामी को भुगतान नहीं किया गया है। जिसके कारण कार्य लंबित है।

**ग.** कमला नदी में रेल सह सड़क पुल के बगल में नये पुल का निर्माण कार्य हेतु प्रबंध निदेशक बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड पटना ने अपने कार्यालय पत्रांक–824, दिनांक–19/08/2014 तकनीकी अनुमोदनोपरान्त प्रशासनिक स्वीकृति हेतु पथ निर्माण विभाग को भेज दिया गया। उक्त पुल के निर्माण से संबंधित पथ निर्माण विभाग के द्वारा अपने कार्यालय पत्रांक–6220, दिनांक–09/07/2015 को प्रशासनिक स्वीकृति दी गई। प्रशासनिक स्वीकृति एवं निविदा होने के बावजूद निर्माण कार्य में शिथिलता बरती जा रही है।

**14. पर्यटन विभाग –**

**क.** झंझारपुर प्रखंड के काको पंचायत अन्तर्गत काको गांव में महादेव मंदिर स्थान का सौंदर्यीकरण प्रशासनिक स्वीकृति पत्रांक– 2515, दिनांक–29/09/2014 दिया गया एवं निविदा के बावजूद निर्माण कार्य लंबित।

**15. कला संस्कृति विभाग –**

**क.** झंझारपुर प्रखंड अन्तर्गत भराम उच्च विद्यालय, लखनौर प्रखंड अन्तर्गत तमुरिया उच्च विद्यालय और मधेपुर प्रखंड अन्तर्गत भीठ भगवानपुर उच्च विद्यालय में स्टेडियम निर्माण कार्य लंबित। (उपरोक्त स्टेडियम निर्माण से संबंधित जिला पदाधिकारी मधुबनी के द्वारा अपने कार्यालय पत्रांक–1573, दिनांक–30/12/2013 को सचिव कला संस्कृति एवं युवा विभाग को जमीन से संबंधित विवरण एवं अनुशंसा भेज दिया गया है। जो सचिवालय स्तर पर लंबित है।

**ख.** झंझारपुर प्रखंड अन्तर्गत केजरीवाल उच्च विद्यालय में मुख्यमंत्री खेल विकास योजना के तहत् आवासीय खेल प्रशिक्षण केन्द्र बैडमिंटन (बालक) /(बालिका)/फुटबॉल (बालक) के संचालन हेतु कला संस्कृति एवं युवा विभाग ने अपने कार्यालय पत्रांक–31, दिनांक–29/04/2014 को प्रशासनिक स्वीकृति दी थी। उपरोक्त प्रतियोगिता पर सलाना 13 लाख रूपया खर्च होना था। लगभग दो साल बीत जाने के बावजूद अभी तक संचालन नहीं हो सका है।

**16. समाज कल्याण विभाग–**

**क.** झंझारपुर में वृद्धाश्रम की निर्माण कार्य लंबित। सचिव समाज कल्याण विभाग के द्वारा पत्रांक–490, दिनांकः– 19/03/2014 को जिला पदाधिकारी से वृद्धा आश्रम के निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध कराने के संबंधित पत्र लिखा गया। जिला पदाधिकारी मधुबनी ने अपने कार्यालय पत्रांक–337, दिनांक–01/12/2014 को भूमि उपलब्धता से संबंधित प्रतिवेदन सचिव समाज कल्याण विभाग बिहार पटना को भेजने के बावजूद अग्रतर कार्रवाई लंबित है।

**ख.** झंझारपुर अनुमंडल अन्तर्गत विश्व बैंक के सहयोग से बुनियाद केन्द्र की स्थापना कार्य लंबित।

**17. विधि विभाग :–**

**क.** मधुबनी न्यायमंडल अन्तर्गत झंझारपुर में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश न्यायालय की स्थापना हेतु अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश के 2 (दो) पदों का सृजन हेतु मंत्रिमंडल के द्वारा दिनांक–15/05/2014 को स्वीकृत की गयी। लगभग 2 वर्ष बीत जाने के बावजूद न्यायालय स्थापना लंबित है।

**18. ऊर्जा विभाग –**

**क.** मधेपुर प्रखंड अन्तर्गत भगवानपुर गांव में पावर ग्रीड निर्माण कार्य में शिथिलता।

**ख.** झंझारपुर विधानसभा अन्तर्गत सभी गाँव एवं बसावटों में ग्रामीण विद्युतिकरण योजना कार्य में शिथिलता। ग्रामीण विद्युतिकरण योजना से संबंधित विद्युतिकरण से छुटे हुए प्रत्येक गांव एवं बसावट का सर्वेक्षण 2013 में कराया गया था। जिस की सूची मैंने दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से दिनांक– 18/04/2013 एवं 01/01/2015 को विज्ञापन के माध्यम से प्रकाशित करवाया था। जिसे आप **www.nbpdcl.in** पर देख सकते हैं।

**ग.** नारायणपुर पावर सब स्टेशन का कार्य में शिथिलता।

**घ.** झंझारपुर नगर पंचायत में निर्वाध विद्युति आपूर्त्ति हेतु अलग से फीडर चालू करने के लिए कार्य में शिथिलता।

**ङ.** झंझारपुर विधानसभा के झंझारपुर एवं लखनौर तथा मधेपुर प्रखंड के विभिन्न गाँव में जनहित में उपभोक्ताओं को निर्वाध विद्युत आपूर्त्ति उपलब्ध कराने हेतु अतिरिक्त ट्रांसफार्मर का अधिष्ठापन से संबंधित मैंने अपने कार्यालय पत्रांक–441, दिनांक–18/06/2014 को सचिव ऊर्जा विभाग सह अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक बिहार स्टेट पावर हॉल्डिंग कम्पनी लिमिटेड बिहार पटना को पत्र लिखा था। जिसपर अपेक्षित कार्रवाई लंबित है। अतिरिक्त ट्रांसफार्मर की अधिष्ठापन से संबंधित सूची निम्न प्रकार है।

**प्रखंड झंझारपुर** – (1) बेलाराही, (2) महेशपुरा, (3) कोठिया, (4) खरड़क, (5)पट्टीटोल, (6) अररिया संग्राम बाजार, (7) चनौरागोठ (अल्पसंख्यक टोला), (8) नगरपंचायत में पंचानाथ मंदिर के समीप, (9) कन्हौली, (10) गोधनपुर, (11) सिरखरिया,

**प्रखंड लखनौर**– (1) दैयाखड़वार, (2) जगदर (रामटोल एवं सिंहजी टोल), (3) लौफा चौक, (4) कछुवी, (5) कछुआ गोठ, (6) दीप पश्चिम, (7) बेहट,

**प्रखंड मधेपुर**– (1) पचही, (2) प्रसाद, (3) बाबूजीवन फटकी

19. **कृषि विभाग –**

क. झंझारपुर प्रखंड के सुखेत पंचायत अन्तर्गत सुखेत कृषि विज्ञान केन्द्र भारत सरकार के द्वारा स्वीकृति की गई है कृषि विज्ञान केन्द्र निर्माण हेतु राज्य सरकार के द्वारा जमीन स्थानांतरण संबंधित कार्य लंबित।

ख. झंझारपुर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत विभिन्न चौरों से संबंधित वैकल्पिक खेती हेतु रिपोर्ट पूसा कृषि विश्वविद्यालय के द्वारा (1) लखनौर प्रखंड के गड़हा चौर, (2) बलिया चौर, दलिहारा चौर एवं मधेपुर प्रखंड के इसराईन चौर का विवरण सरकार को भेजी गई। जिसपर कार्रवाई अभी तक लंबित है।

20. **सहकारिता विभाग–**

क. झंझारपुर व्यापार मंडल में मखाना एवं राईस मिल का संचालन कार्य ठप है व्यापार मंडल में मखाना एवं राईस मिल का पुनः संचालन हेतु मैंने अपने कार्यालय पत्रांक–426, दिनांक–16/06/2014 को माननीय मंत्री सहकारिता विभाग बिहार पटना को लिखा था। माननीय मंत्री सहकारिता विभाग ने अपने कार्यालय पत्रांक–21, दिनांक–24/06/2014 को झंझारपुर व्यापार मंडल में मखाना एवं राईस मिल को सुचारू रूप से संचालन हेतु सचिव सहकारिता विभाग को लिखा था। जिस पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गयी है।

**21. लघु जल संसाधन विभाग–**

क. झंझारपुर विधानसभा अन्तर्गत 32 राजकीय नलकूपों मरम्मती हेतु दिनांक–17/08/2015 को निविदा भी प्रकाशन होने के बावजूद मरम्मती कार्य लंबित है।

**झंझारपुर प्रखंड अन्तर्गत निम्नलिखित राजकीय नलकूपों की सूची।**

1. पिपरौलिया, 2. अररिया संग्राम, 3. सिमरा, 4. मेंहथ, 5. काको, 6. संतनगर, 7. खैरा, 8. कोठिया, 9. रैयाम (भैरव स्थान से पश्चिम), 10. लोहना पाठशाला, 11. नवानी, 12. कनकपुरा, 13. सुखेत,

**लखनौर प्रखंड अन्तर्गत निम्नलिखित राजकीय नलकूपों की सूची।**

1. बेहट उत्तरी, 2. दैया खरवार, 3. लखनौर–1, 4. लखनौर–2, 5. दीप पश्चिमी, 6. बेरमा, 7. हरभंगा, 8. कटमा खोईर, 9. बेला, 10. मैवी, 11. बेलौंचा धमक्का 12. बेंलौचा, 13. पुरे, 14. सहनी टोल लौफा, 15. कैथिनियां, 16. मदनपुर,

**मधेपुर प्रखंड अन्तर्गत निम्नलिखित राजकीय नलकूपों की सूची।**

1. प्रसाद, 2. पचही (चामुंडा स्थान), 3. पचही (बरैया पौखरा)

**22. पुल निर्माण निगम–**

**क.** प्रखंड मधेपुर पंचायत महासिंह हिसौली के बेहड़ा प्रधानमंत्री सड़क अल्पसंख्यक (मुस्लिम) टोला से यादव टोल जाने वाली पथ में गेहुंवा नदी पर पुल निर्माण कार्य लंबित।

**ख.** प्रखंड मधेपुर पंचायत महासिंह हिसौली के बेहरा प्रधानमंत्री सड़क से बेहरा चौपाल टोल जानेवाली पथ में गेहुंवा नदी पर पुल का निर्माण कार्य लंबित।

**ग.** प्रखंड मधेपुर पंचायत परवलपुर के दलदल से परवलपुर जाने वाली पथ में संस्कृति विद्यालय से दक्षिण पुल निर्माण कार्य लंबित।

**घ.** प्रखंड मधेपुर पंचायत परवलपुर दलदल से परवलपुर जाने वाली पथ में दलदल महादेव मंदिर के पास पुल निर्माण लंबित।

**ङ.** प्रखंड मधेपुर पंचायत पचही से डाकबंगला होते हुए पुरानी बस स्टेंड मधेपुर जाने वाली पथ में गेहुंवा नदी पर तीनकोनवा के पास पुल निर्माण लंबित।

**च.** प्रखंड लखनौर पंचायत मैवी से सोनवर्षा से जानेवाली मुख्य सड़क में पुल निर्माण कार्य लंबित।

**छ.** प्रखंड लखनौर पंचायत बलिया से खैरी जाने वाली पथ में कोयला पोखर के पास पुल निर्माण कार्य लंबित।

**ज.** लखनौर प्रखंड अन्तर्गत मैवी से सोनवर्षा जाने वाली पथ में पुल निर्माण कार्य।

**उपरोक्त सभी पुल मुख्यमंत्री सेतु योजना संचालन समिति के द्वारा प्रभारी मंत्री के अध्यक्षता में दिनांक–14.09.2013 को स्वीकृत किया गया था।**

**23. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन जाति कल्याण विभाग –**

**क.** झंझारपुर प्रखंड के रैयाम पंचायत अन्तर्गत अवस्थित अनुसूचित जाति एवं जन जाति कल्याण छात्रावास का मरम्मती एवं निर्माण कार्य में शिथिलता है। ज्ञात हो की उक्त छात्रावास की प्रशासनिक स्वीकृति पत्रांक–45, दिनांक–20/08/2014 को सचिव के द्वारा दिया गया था।

**ख.** झंझारपुर अन्तर्गत अवस्थित ललित नारायण जनता महाविद्यालय में अनुसूचित जाति/जन जाति के छात्र--छात्राओं के लिए आवासन सहित उपस्कर सुविधायुक्त कल्याण छात्रावास की निर्माण से संबंधित मैंने अपने कार्यालय पत्रांक–358, दिनांक–23/05/2014 को प्रधान सचिव अनुसूचित जाति एवं जन जाति कल्याण विभाग बिहार पटना को लिखा था। प्रधान सचिव के द्वारा स्थल निरीक्षण करने के बावजूद छात्रावास निर्माण से संबंधित अग्रतर कार्रवाई लंबित है।

**ग.** झंझारपुर अनुमंडल कार्यालय परिसर में संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ० भीम राव अम्बेदकर की प्रतिमा लगाने हेतु मैंने अपने कार्यालय पत्रांक–882, दिनांक–24/11/2014 को सचिव अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन जाति कल्याण विभाग, सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, बिहार महादलित विकास मिशन, बिहार पटना को पत्र लिखा था। जिसपर अभी तक अग्रतर कार्रवाई लंबित है।

## 24. क्षेत्र विकास

क. मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना अन्तर्गत अनुशंसित विभिन्न गांव में लंबित कार्य।

| क्र0 स0 | प्रखंड | रोड का नाम | राशि (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | झंझारपुर | विशौल गांव में श्री गोपाल जी के घर के नजदीक चौराहा से मंडल एवं महादलित टोल तक जाने वाली पथ में पी0सी0सी0 निर्माण कार्य। | 4.000 |
| 2 | झंझारपुर | कोठिया डाकघर से श्री योगेश्वर पासवान एवं श्री महारूद पासवान घर होते हुए कॉपरेटिव भवन तक जाने वाली पथ का पी0सी0सी0 निर्माण। | 7.000 |
| 3 | झंझारपुर | चौरा महरैल गांव में उत्क्रमित मध्य विद्यालय के समीप तलाब में घाट का निर्माण। | 4.019 |
| 4 | झंझारपुर | सुखेत कोरिपट्टी डिहवार बाबा स्थान पोखरा में घाट का निर्माण। | 4.32 |
| 5 | झंझारपुर | भरौल डीहवार स्थान में समुदायिक भवन का निर्माण। | 3.117 |
| 6 | लखनौर | दईयाखरवड़ गांव में आर0ई0ओ0 सड़क श्री दिनेश सिंह के घर से श्री लालगिर सिंह घर होते हुए श्री हिरण सिंह के घर तक पी0सी0सी0 सड़क का निर्माण। | 6.986 |
| 7 | लखनौर | तमुरिया श्री राम प्रसाद चौपाल के घर से श्री कुंवर जी के घर तक जानेवाली सड़क का पी0सी0सी0 निर्माण कार्य। | 6.010 |
| 8 | लखनौर | बोदराही गांव में नदीम अहमद घर से मस्जिद होते हुए कब्रिस्तान तक जाने वाली पीसीसी सड़क का निर्माण कार्य। | 5.000 |
| 9 | लखनौर | सोनरे गांव में मोहम्मद बसीरूद्दीन घर से राम बाबू के घर तक पी0सी0सी0 निर्माण। | 5.000 |
| 10 | लखनौर | बेहट पी0 डब्लु0 डी0 मुख्य सड़क से अदलपुर जानेवाली पथ के मद्द से पिपरा घाट जानेवाली सड़क का पी0सी0सी0 निर्माण कार्य। | 4.950 |
| 11 | लखनौर | अदलपुर प्राथमिक विद्यालय श्री बच्चे ठाकुर के घर से श्री सुर्य नारायण कामत के घर तक जाने वाली पथ का पी0सी0सी0 निर्माण। | 6.994 |
| 12 | लखनौर | नवटोल गांव में श्री मोहन झा के घर से श्री किशोर झा के घर तक पी0सी0सी0 निर्माण। | 5.500 |
| 13 | लखनौर | कैथिनियां श्री प्रमोद ठाकुर के घर से श्री वरूण ठाकुर के घर तक जानेवाली सड़क का पीसीसी निर्माण कार्य। | 9.985 |
| 14 | लखनौर | कैथिनियाँ सहुआ टोल मुख्य सड़क श्री प्रयाग झा के घर से श्री सुबोध झा के घर तक पी0सी0सी0 निर्माण कार्य। | 6.012 |
| 15 | लखनौर | जगदर श्री नरेश ठाकुर के घर से श्री विंदु सिंह के घर तक जानेवाली सड़क का पी0सी0सी0 निर्माण कार्य। | 7.000 |
| 16 | लखनौर | कछुवी दक्षिणवारी टोल आर.. ई. ओ. सड़क श्री विदेश्वर झा के घर से श्री रघुनाथ झा के घर तक जाने वाली सड़क का पी0सी0सी0 निर्माण। | 6.140 |
| 17 | लखनौर | देवही टोल महादेव स्थान के समीप सार्वजनिक पोखरा में घाट का निर्माण। | 6.813 |
| 18 | मधेपुर | परवलपुर गांव में मोहम्मद कमुरूद्दीन के घर होते हुए मोहम्द आजीम अहमद के घर के निकट टॉवर तक पी0सी0सी0 निर्माण कार्य। | 7.471 |
| 19 | मधेपुर | भीठ भगवानपुर पंचायत में श्री पुरूषोत्तम सिंह के घर से नोनिया टोल होते हुए श्री जगदीश महतो (चौकीदार) घर तक मिट्टी एवं खरंजाकरण कार्य। | 3.957 |
| 20 | मधेपुर | मलफा टोल से बाबू जीवन जाने वाली पथ का पी0सी0सी0 निर्माण कार्य। | 7.964 |
| 21 | मधेपुर | महासिंह हसौली ठाकुर पोखरा श्री महेश्वर पासवान के घर से श्रीमती मलहार देवी के घर तक जानेवाली सड़क का पी0सी0सी0 निर्माण कार्य। | 7.057 |

25. मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना अन्तर्गत अनुशंसित विभिन्न गांव में पूर्ण विद्युतिकरण से संबंधित लंबित कार्य।

| क्र0स0 | प्रखंड | योजना का नाम | राशि (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | झंझारपुर | झंझारपुर प्रखंड के हैठीवाली गांव में विद्युतिकरण तथा 100 के. वी. ए. का नया ट्रांसफार्मर का अधिष्ठापन कार्य। | 545942 |
| 2 | झंझारपुर | झंझारपुर प्रखंड के मेंहथ गांव में विद्युतिकरण तथा 100 के. वी. ए. का नया ट्रांसफार्मर का अधिष्ठापन कार्य। | 1007690 |
| 3 | झंझारपुर | झंझारपुर प्रखंड के अन्तर्गत पट्टी टोल गांव में विद्युतिकरण तथा 100 के.वी. ए. का नया ट्रांसफार्मर का अधिष्ठापन कार्य | 714759 |
| 4 | लखनौर | लखनौर प्रखंड के जोड़ला महादलित टोल में विद्युतिकरण तथा 100 के. वी. ए. का नया ट्रांसफार्मर का अधिष्ठापन कार्य | 791991 |
| 5 | लखनौर | लखनौर प्रखंड के कैथिनियां गांव में विद्युतिकरण तथा 100 के0 वी0 ए0 का नया ट्रांसफार्मर का अधिष्ठापन कार्य। | 339615 |
| 6 | लखनौर | लखनौर प्रखंड के नवटोल काली मंदिर गांव में विद्युतिकरण तथा 100 के. वी.ए. का नया ट्रांसफार्मर का अधिष्ठापन कार्य | 382116 |
| 7 | मधेपुर | मधेपुर प्रखंड के दर्जीया गांव में विद्युतिकरण तथा 100 के. वी. ए. का नया ट्रांसफार्मर का अधिष्ठापन कार्य। | 902975 |
| 8 | मधेपुर | मधेपुर प्रखंड के भीठ भगवानपुर गांव में विद्युतिकरण तथा 100 के. वी. ए. का नया ट्रांसफार्मर का अधिष्ठापन कार्य | 1007690 |
| 9 | मधेपुर | मधेपुर प्रखंड के रजौर गांव में विद्युतिकरण तथा 100 के0 वी0 ए0 का नया ट्रांसफार्मर का अधिष्ठापन कार्य। | 889596 |
| 10 | मधेपुर | मधेपुर प्रखंड के दलदल गांव में विद्युतिकरण तथा 100 के0 वी0 ए0 का नया ट्रांसफार्मर का अधिष्ठापन कार्य। | 830627 |

इन कार्यों को सरजमीन पर लाने में आप सब के सहयोग से मैं निरंतर प्रयासरत रहूँगा। वैसे हीं कुछ प्रमुख कार्यों की अद्यतन स्थिति से आपको अवगत कराना अपना कर्त्तव्य समझता हूँ, जिससे यह सब आपके संज्ञान में रह सके।

सम्पन्न विधानसभा चुनाव में आप साथियों का सक्रिय सहयोग प्राप्त हुआ, इसके लिए मैं आप सब का आभार प्रकट करता हूँ। भविष्य में भी आपके सुझाव एवं सहयोग प्राप्त होंगे एवं संबंधो की निरन्तरता बनी रहेगी ऐसा भी विश्वास है।

पूर्व प्रधानमंत्री, यशस्वी राजनेता, भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की कविता की चार पंक्तियां आप से साझा कर रहा हूँ :–

**"क्या हार में, क्या जीत में**
**किंचित नहीं भयभीत मैं**
**कर्त्तव्य पथ पर जो भी मिला**
**यह भी सही वो भी सही**
**वरदान नहीं मांगूंगा**
**हो कुछ पर हार नहीं मानूंगा"।।**

सदैव आपका

**नीतीश मिश्रा**